वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय
जौनपुर, उत्तर प्रदेश



समाचार पत्रों में प्रकाशित ख़बरें
दिनांक: 18 सितम्बर 2026
प्रस्तुति: मीडिया सेल

anasi, Friday, September 2026
सुबह सवेरे
ce ₹ 3.50/-
ges 14

दैनिक जागरण

ww.inextlive.com | Published from VARANASI | Agra • Bareilly • Dehradun • Gorakhpur • Jamshedpur • Kanpur • Lucknow • Meerut • Patna • Prayagraj • Ranchi



SEE PG-10

inext DYNAMIC EDITION

नेया में बढ़ रही AI को...›8
बुद कानून तोड़ने वाली...›12

Max. 33.6°C
Min. 24.8°C

जन्मदिवस अभियान के तहत विश्वविद्यालय ने 100 क्षय रोगियों को लिया गोद, 20 यूनिट रक्तदान

सेवा और संवेदना पूर्वांचल यूनिवर्सिटी की है जिम्मेदारी : प्रो. आरके

जनभागीदारी से मजबूत होगा टीबी मुक्त भारत का संकल्प : बृजेश सिंह 'प्रिन्सू'



जौनपुर (17 सितम्बर): वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया गया. इसी क्रम में विश्वविद्यालय परिसर स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना भवन में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने 20 यूनिट रक्तदान किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश सिंह 'प्रिन्सू' ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान-2026 सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का उदाहरण है. कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा एवं शोध के साथ-साथ समाज के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध है. टीबी उन्मूलन के लिए चिकित्सा के साथ-साथ पोषण, नियमित उपचार, जागरूकता और सामाजिक सहयोग भी आवश्यक है. विशिष्ट अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी, जौनपुर डॉ. विशाल सिंह यादव ने क्षय रोग (टीबी) के लक्षण, उपचार, बचाव एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी. अतिथियों का स्वागत एवं परिचय अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कराया. इस अवसर पर क्षय रोगियों को भुना हुआ चना, गुड़, मूँगफली, सोयाबीन, बीनबिटा एवं मास्क युक्त पोषण सामग्री वितरित की गई. कार्यक्रम का संचालन अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शशिकान्त यादव ने किया. इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भास्कर सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान

खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव के द्वारा जनपद के हनुमान घाट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत स्वच्छता अभियान में सहभागिता की गई. इस दौरान मंत्री ने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर जनपद के निर्माण के लिए स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित समाज के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है. इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोरमा मौर्य, जिलाधिकारी संभुअल पाल एन., नगर अध्यक्ष सविका सोनी, जनसंपर्क अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, डॉ. रामसूरत मौर्य, मुख्य राजस्व अधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

जौनपुर
amarujala.com

उद्योगों की उन्नति की कामना की फैक्टरी में पूजे गए भगवान विश्वकर्मा

सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल, हवन-पूजन के बाद प्रसाद वितरण

संवाद न्यूज एजेंसी

जौनपुर। सृष्टि के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर बृहस्पतिवार को जिले में श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। शहर से गांव तक के कल-कारखानों, वर्कशॉप, दुकानों और प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई।

कारीगरों और तकनीकी कार्यों से जुड़े लोगों ने मशीनों, औजारों और वाहनों की सफाई करके उन्हें फूल-मालाओं से सजाया। मुंगराबादशाहपुर के औद्योगिक क्षेत्र सतहरिया में स्थित विभिन्न फैक्टरियों और कारखानों में विशेष आयोजन हुए।

अभिनव स्टील, वरुण बेवरेज, हॉकिंस कुकर, एचआईएल लिमिटेड, सुनील इंटरप्राइजेज, सुविको बायो फर्टिलाइजर सहित कई प्रतिष्ठानों में मशीनों और उपकरणों का पूजन किया गया। फैक्ट्री मालिकों, प्रबंधकों और कर्मचारियों ने उद्योगों की उन्नति, श्रमिकों की सुरक्षा और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद कई स्थानों पर प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन हुआ।



विवि के मैकेनिकल इंजीनियरिंग वर्कशॉप में पूजा करते शिक्षक और कर्मचारी। पूविवि

मड़ियाहूं में विश्वकर्मा मंदिर में 45वां वार्षिकोत्सव मनाया गया

मड़ियाहूं में विश्वकर्मा मंदिर में 45वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसमें बिरहा मुकाबले का आयोजन हुआ। बदलापुर में घनश्यामपुर, लेदुका, बटाऊबीर और तियरा आदि बाजारों व गांवों में वाहनों और कल-कारखानों का पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया। शाहगंज में कारखानों, वर्कशॉप, दुकानों और प्रतिष्ठानों में मशीनों व औजारों की पूजा हुई। सिंगरामऊ में विभिन्न स्थानों पर पूजा पंडाल सजाकर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई। शाम को बिजली झालरों से परिसर जगमगाए। केराकत में गोमतेश्वर महादेव और सिहौली स्थित विश्वकर्मा मंदिर सहित सरकी, सूरतपुर, पेसारे, थानागद्दी, नई बाजार और मुफ्तीगंज में हवन-पूजन हुआ। खेतासराय में इंजीनियरिंग वर्कशॉप, बेकरी, मशीनरी प्रतिष्ठानों समेत लोहार, बढ़ई और मैकेनिकों ने मशीनों, वाहनों व औजारों का पूजन किया।

सेवा और संवेदना पीयू की जिम्मेदारी : प्रो. आर. के. सिंह

❑ सेवा संकल्प अभियान के तहत विश्वविद्यालय ने 100 क्षय रोगियों को लिया गोद, 20 यूनिट रक्तदान

❑ जनभागीदारी से मजबूत होगा टीबी मुक्त भारत का संकल्प : बृजेश सिंह



परफेक्ट मिशन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय परिसर स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना भवन में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने 20 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश सिंह 'प्रिन्सू' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान-2026 सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी, युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण की भावना को निरंतर महत्व दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदान करने की पहल सेवा-भावना को सामाजिक सहभागिता से जोड़ती है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा एवं शोध के साथ-साथ समाज के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध है।

टीबी उन्मूलन के लिए चिकित्सा के साथ-साथ पोषण, नियमित उपचार, जागरूकता और सामाजिक सहयोग भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विश्वविद्यालय द्वारा 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य क्षय रोगियों के प्रति संवेदनशीलता, सम्मान और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। विश्वविद्यालय परिवार से सेवा और संवेदना की इस भावना को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि संवेदनशील, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों का निर्माण करना भी है। विशिष्ट अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी, जौनपुर डॉ. विशाल सिंह यादव ने क्षय रोग (टीबी) के लक्षण, उपचार, बचाव एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत एवं परिचय अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कराया। इस अवसर पर क्षय रोगियों को भुना हुआ चना, गुड़, मूंगफली, सोयाबीन, बोर्नविटा एवं मास्क युक्त पोषण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शशिकान्त यादव ने किया। इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. राज कुमार, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ.पुनीत सिंह, सलिल कुमार यादव, महामंत्री राधेश्याम सिंह 'मुन्ना', डॉ. इंद्रेश कुमार, आदित्य जायसवाल, डॉ. उदयभान यादव, माई भारत के स्वयंसेवक सुमित सिंह, विपिन यादव, सिद्धार्थ सिंह, स्नेहा मिश्रा, आर्ची वर्मा, उत्कर्ष तिवारी, प्रभात तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 20 साल के लिए बनेगा डिजिटल नेटवर्क

2500 से 3000 इंटरनेट प्वाइंट लगाने के लिए तैयारी शुरू

जागरण संवाददाता, मल्हनी (जौनपुर): वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अगले 20 वर्षों की जरूरत को ध्यान में रखकर डिजिटल नेटवर्क तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पूरे परिसर में करीब 2500 से 3000 इंटरनेट प्वाइंट लगाने की योजना है। प्रशासनिक व शैक्षणिक भवनों, कक्षाओं, छात्रावासों, लाइब्रेरी, आवासीय परिसर और गेस्ट हाउस के साथ कैंपस के अन्य प्रमुख हिस्सों को भी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इसके लिए जिम्मेदारियां तय कर नेटवर्क की मौजूदा स्थिति और जरूरत का आकलन शुरू कर दिया गया है।

नई व्यवस्था का उद्देश्य केवल भवनों तक इंटरनेट पहुंचाना नहीं, बल्कि कैंपस में ऐसी कनेक्टिविटी तैयार करना है, जिससे विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी अपनी जरूरत के अनुसार उपयुक्त स्थान से

- कक्षाओं, हास्टल और लाइब्रेरी से प्रशासनिक भवन तक नेटवर्क
- जरूरत के मुताबिक कहीं से भी हो सकेगा डिजिटल काम



डिजिटल संसाधनों का इस्तेमाल कर सकें। पढ़ाई, शोध, कार्यालयी काम या ऑनलाइन सेवाओं के लिए इंटरनेट की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो, इसके अनुसार प्वाइंट के स्थान तय किए जाएंगे। कक्षाओं और शैक्षणिक भवनों में ई-कंटेंट, आनलाइन अध्ययन सामग्री और डिजिटल अकादमिक संसाधनों का उपयोग

विश्वविद्यालय में अगले 20 वर्षों की शैक्षणिक और प्रशासनिक जरूरतों को ध्यान में रखकर इसकी क्षमता और विस्तार की योजना बनाई जा रही है। नेटवर्क की वर्तमान स्थिति व आवश्यकताओं का आकलन शुरू हो चुका है।

प्रो. राकेश कुमार सिंह, कुलपति पूर्वांवि।

किया जा सकेगा। लाइब्रेरी में ई-बुक, ई-जर्नल और शोध सामग्री तक पहुंच आसान होगी। प्रशासनिक भवनों में डिजिटल दस्तावेज, आनलाइन कार्यालयी कार्य व विभिन्न पोर्टल के संचालन को नेटवर्क उपलब्ध रहेगा। नेटवर्क की क्षमता तय करते समय विद्यार्थियों की संख्या में संभावित वृद्धि, आनलाइन शिक्षण, शोध, ई-लाइब्रेरी, स्मार्ट कक्षाओं और डिजिटल प्रशासन की भविष्य की जरूरतों को भी शामिल किया जा रहा है।

श्रद्धा से मनाई आदि शिल्पी की जयंती

जौनपुर, संवाददाता। शिल्प कला और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती गुरुवार को धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कल कारखानों और मोटर गैराजों में देव शिल्पी की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित किया गया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग वर्कशाप में आरती और हवन किया गया। कोणार्क सीमेंट चादर कम्पनी बरामनपुर डोभी में मेधावी छात्रों का सम्मान और महिलाओं को साड़ी वितरित की गई। पर्व को लेकर चारों ओर उत्साह छाया रहा। जगह-जगह लोकगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की वर्कशॉप में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन हुआ। तकनीकी सृजन, निर्माण और श्रम के आराध्य देव पूजन पर वर्कशॉप परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद यादव एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. संदीप कुमार सिंह ने धूप-दीप जलाकर पूजन-अर्चन किया। हवन एवं आरती में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। बीटेक एवं मैकेनिक पॉलिटेक्निक [illegible] की सजावट क[illegible]

हिसं मछलीशहर के अनुसार. तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने विश्वकर्मा जयंती मनाई। अधिवक्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अवनींद्र दुबे, महामंत्री आलोक विश्वकर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक श्रीवास्तव, संजीव चौधरी आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

6 / 20



नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गुरुवार से चलाई गयी श्री रामकथा जारी

जौनपुर

सेवा व संवेदना पीयू की जिम्मेदारी : प्रो. आरके सिंह

आयोजन

सेवा संकल्प अभियान के तहत विश्वविद्यालय ने 100 क्षय रोगियों को लिया गोद 20 यूनिट रक्तदान

जनभागीदारी से मजबूत होगा टीबी मुक्त भारत का संकल्प : कुलेश सिंह दिनू



जिलेबीवालों की सरेआम पिटाई के म

गणपति बप्पा के जयकारे से गूंज उठा

ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत

जन संदेश टाइम्स

पीयू में धूमधाम से किया गया भगवान विश्वकर्मा का पूजन

- मैकेनिकल इंजीनियरिंग वर्कशॉप में हवन-आरती में शामिल हुए शिक्षक, कर्मचारी



पायिनयर संवाददाता। जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की वर्कशॉप में भगवान विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। तकनीकी सृजन, निर्माण और श्रम के आराध्य भगवान विश्वकर्मा के पूजन के अवसर पर वर्कशॉप परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और आरती से भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद यादव एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. संदीप कुमार सिंह ने धूप-दीप के साथ भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद हवन एवं आरती का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. रितेश बरनवाल एवं फोरमैन संतोष उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों के साथ पूजा, हवन और आरती में भाग लिया। विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री श्री राधेश्याम सिंह 'मुन्ना' सहित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक डॉ. दीप प्रकाश सिंह, डॉ. नवीन चौरसिया, डॉ. हेमंत कुमार सिंह, डॉ. हिमांशु तिवारी, डॉ. अंकुश गौरव एवं डॉ. सुबोध कुमार उपस्थित रहे।

सेवा और संवेदना पीयू की जिम्मेदारीः प्रो. आरके सिंह

पायनियर, जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय परिसर स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना भवन में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने 20 यूनिट रक्तदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश सिंह 'प्रिन्सू' ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान-2026 सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी, युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण की भावना को निरंतर महत्व दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदान करने की पहल सेवा-भावना को सामाजिक सहभागिता से जोड़ती है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा एवं शोध के साथ-साथ समाज के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध है। टीबी उन्मूलन के लिए चिकित्सा के साथ-साथ पोषण, नियमित उपचार, जागरूकता और सामाजिक सहयोग भी आवश्यक है।

पायनियर

सेवा और संवेदना पीयू की जिम्मेदारी : प्रो. आर. के. सिंह

- सेवा संकल्प अभियान के तहत विश्वविद्यालय ने 100 क्षय रोगियों को लिया गोद, 20 यूनिट रक्तदान
- जनभागीदारी से मजबूत होगा टीबी मुक्त भारत का संकल्प : बृजेश सिंह 'प्रिन्सू'

स्वतंत्र एकता जागरण



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय परिसर स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना भवन में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने 20 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश सिंह 'प्रिन्सू' ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान-2026 सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी, युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण की भावना को निरंतर महत्व दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदान करने की पहल सेवा-भावना को सामाजिक सहभागिता से जोड़ती है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा एवं शोध के साथ-साथ समाज के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध है। टीबी उन्मूलन के लिए चिकित्सा के साथ-साथ पोषण, नियमित उपचार, जागरूकता और सामाजिक सहयोग भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विश्वविद्यालय द्वारा 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल की गई है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य क्षय रोगियों के प्रति संवेदनशीलता, सम्मान और सहयोग की भावना को मजबूत करना है।

विश्वविद्यालय परिवार से सेवा और संवेदना की इस भावना को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि संवेदनशील, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों का निर्माण करना भी है। विशिष्ट अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी, जौनपुर डॉ. विशाल सिंह यादव ने क्षय रोग (टीबी) के लक्षण, उपचार, बचाव एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत एवं परिचय अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कराया। इस अवसर पर क्षय रोगियों को भुना हुआ चना, गुड़, मूंगफली, सोयाबीन, खोनविटा एवं मास्क युक्त पोषण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शशिकान्त यादव ने किया।

इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. राज कुमार, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ.पुनीत सिंह, सलिल कुमार यादव, महामंत्री राधेश्याम सिंह 'मुन्ना', डॉ. इंद्रेश कुमार, आदित्य जायसवाल, डॉ. उदयभान यादव, भाई भारत के स्वयंसेवक सुमित सिंह, विपिन यादव, सिद्धार्थ सिंह, स्नेहा मिश्रा, आर्ची वर्मा, उत्कर्ष तिवारी, प्रभात तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

स्वतंत्र एकता

जागरण

पीयू में धूमधाम से किया गया भगवान विश्वकर्मा का पूजन

मैकेनिकल इंजीनियरिंग वर्कशॉप में हवन-आरती में शामिल हुए शिक्षक, कर्मचारी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की वर्कशॉप में भगवान विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। तकनीकी सृजन, निर्माण और श्रम के आराध्य भगवान विश्वकर्मा के पूजन के अवसर पर वर्कशॉप परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और आरती से भक्तिमय हो उठा।



इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद यादव एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. संदीप कुमार सिंह ने धूप-दीप के साथ भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद हवन एवं आरती का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. रितेश बरनवाल एवं फोरमैन संतोष उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों के साथ पूजा, हवन और आरती में भाग लिया। विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री श्री राधेश्याम सिंह 'मुन्ना' सहित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक डॉ. दीप प्रकाश सिंह, डॉ. नवीन चौरसिया, डॉ. हेमंत कुमार सिंह, डॉ. हिमांशु तिवारी, डॉ. अंकुश गौरव एवं डॉ. सुबोध कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त फोरमैन के.के. मिश्र, मैकेनिक ओम प्रकाश यादव, वेल्डर राकेश कुमार, फिटर सहित अन्य कर्मचारी तथा छात्र अभिभावक श्री अच्छे लाल यादव ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

पूजा समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बी.टेक. एवं मैकेनिकल पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने वर्कशॉप की सजावट में सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने तकनीकी शिक्षा से जुड़े अपने कार्यस्थल को भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा और सम्मान के साथ सजाकर आयोजन को विशेष रूप दिया।कार्यक्रम के दौरान तकनीकी शिक्षा, श्रम, कौशल और सृजन के महत्व को रेखांकित करते हुए भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई।

पीयू में किया गया भगवान विश्वकर्मा का पूजन

कार्यक्रम

मैकेनिकल इंजीनियरिंग वर्कशॉप में हवन-आरती में शामिल हुए शिक्षक, कर्मचारी



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की वर्कशॉप में भगवान विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। तकनीकी सृजन, निर्माण और श्रम के आराध्य भगवान विश्वकर्मा के पूजन के अवसर पर वर्कशॉप परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और आरती से भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद यादव एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. संदीप कुमार सिंह ने धूप-दीप के साथ भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद हवन एवं आरती का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. रितेश बरनवाल एवं फोरमैन संतोष उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों के साथ पूजा, हवन और आरती में भाग लिया। विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री राधेश्याम सिंह मुन्ना सहित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक डॉ. दीप प्रकाश सिंह, डॉ. नवीन चौरसिया, डॉ. हेमंत कुमार सिंह, डॉ. हिमांशु तिवारी, डॉ. अंकुश गौरव एवं डॉ. सुबोध कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त फोरमैन के.के. मिश्र, मैकेनिक ओम प्रकाश यादव, वेल्डर राकेश कुमार आदि ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। बी.टेक. एवं मैकेनिकल पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने वर्कशॉप की सजावट में सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने तकनीकी शिक्षा से जुड़े अपने कार्यस्थल को भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा और सम्मान के साथ सजाकर आयोजन को विशेष रूप दिया। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी शिक्षा, श्रम, कौशल और सृजन के महत्व को रेखांकित करते हुए भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई।

विश्वकर्मा जयंती का तहसील में हुआ आयोजन

मछलीशहर। तहसील परिसर में गुरुवार को अधिवक्ताओं की ओर से भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में अधिवक्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके आदर्शों और योगदान को याद किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को भारतीय परंपरा में देवताओं के शिल्पकार और वास्तु एवं निर्माण कला का अधिष्ठाता माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उन्होंने अनेक भव्य भवनों, नगरों एवं दिव्य अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अवनीद्र दुबे, महामंत्री आलोक विश्वकर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक श्रीवास्तव, संजीव चौधरी, सुशील तिवारी अनुराग श्रीवास्तव, आशीष चौबे, इन्दु सिंह, सरजू प्रसाद बिंद आदि रहे।

University Adopts 100 TB Patients Under TB-Free India Campaign

Jaunpur: On the occasion of Prime Minister Narendra Modi's 76th birthday, Veer Bahadur Singh Purvanchal University (VBSPU) adopted 100 tuberculosis (TB) patients under the Seva Sankalp Abhiyan-2026, as part of the TB-Free India Campaign, and pledged to provide them with nutritional support. As part of the initiative, a blood donation camp was also organised at the National Service Scheme (NSS) building on the university



campus. Students and volunteers donated 20 units of blood. The programme was attended by Chief Guest Brijesh Singh 'Prinsu'.

Vice-Chancellor Prof. R. K. Singh said that the university is committed not only to education and research but also to fulfilling its social responsibilities. He said that along with medical treatment, nutrition, regular medication, awareness and social support are essential for eliminating TB. With this objective, the university has adopted 100 TB patients and taken the initiative to provide them with nutritional assistance. He said that the campaign aims to strengthen the spirit of sensitivity, dignity and support towards TB patients. Special Guest and District Tuberculosis Officer Dr. Vishal Singh Yadav provided detailed information about the symptoms, treatment and prevention of tuberculosis, as well as the healthcare facilities available for patients. Prof. Pramod Kumar Yadav introduced and welcomed the guests. The programme was conducted by Abhinav Kirti Pandey, while the vote of thanks was delivered by Programme Coordinator Dr. Shashikant Yadav. Prof. Ajay Pratap Singh, Prof. Manoj Mishra, Dr. Digvijay Singh Rathore, along with others, were present.

NIP

पीयू में किया गया भगवान विश्वकर्मा का पूजन

♦ मैकेनिकल इंजीनियरिंग वर्कशॉप में हवन-आरती में शामिल हुए शिक्षक, कर्मचारी

अमर भारती ब्यूरो



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की वर्कशॉप में भगवान विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। तकनीकी सृजन, निर्माण और श्रम के आराध्य भगवान विश्वकर्मा के पूजन के अवसर पर वर्कशॉप परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और आरती से भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद यादव एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. संदीप कुमार सिंह ने धूप-दीप के साथ भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद हवन एवं आरती का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. रितेश बरनवाल एवं फोरमैन संतोष उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों के साथ पूजा, हवन और आरती में भाग लिया। विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री श्री राधेश्याम सिंह 'मुन्ना' सहित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक डॉ. दीप प्रकाश सिंह, डॉ. नवीन चौरसिया, डॉ. हेमंत कुमार सिंह, डॉ. हिमांशु तिवारी, डॉ. अंकुश गौरव एवं डॉ. सुबोध कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त फोरमैन के.के. मिश्र, मैकेनिक ओम प्रकाश यादव, वेल्डर राकेश कुमार, फिटर सहित अन्य कर्मचारी तथा छात्र अभिभावक श्री अच्छे लाल यादव ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

पूजा समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बी.टेक. एवं मैकेनिकल पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने वर्कशॉप की सजावट में सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने तकनीकी शिक्षा से जुड़े अपने कार्यस्थल को भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा और सम्मान के साथ सजाकर आयोजन को विशेष रूप दिया।कार्यक्रम के दौरान तकनीकी शिक्षा, श्रम, कौशल और सृजन के महत्व को रेखांकित करते हुए भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई।

अमर भारती

सेवा और संवेदना पीयू की जिम्मेदारी : प्रो. आर. के. सिंह

न्यूरो आज का परिणाम/ जौनपुर । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान–2026 के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय परिसर स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना भवन में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र–छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने 20 यूनिट रक्तदान किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश सिंह 'प्रिन्सू' ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान–2026 सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी, युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण की भावना को निरंतर महत्व दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदान करने की पहल सेवा–भावना को सामाजिक सहभागिता से जोड़ती है।कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा एवं शोध के साथ–साथ समाज के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध है। टीबी उन्मूलन के लिए चिकित्सा के साथ–साथ पोषण,



नियमित उपचार, जागरूकता और सामाजिक सहयोग भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विश्वविद्यालय द्वारा 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल की गई है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य क्षय रोगियों के प्रति संवेदनशीलता, सम्मान और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। विश्वविद्यालय परिवार से सेवा और संवेदना की इस भावना को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि संवेदनशील, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों का निर्माण करना भी है।विशिष्ट अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी, जौनपुर डॉ. विशाल सिंह यादव ने क्षय रोग (टीबी) के लक्षण, उपचार, बचाव एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।अतिथियों का स्वागत एवं परिचय अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कराया। इस अवसर पर क्षय रोगियों को भुना हुआ चना, गुड़, मूंगफली, सोयाबीन, बोर्नविटा एवं मास्क युक्त पोषण सामग्री वितरित की गई।कार्यक्रम का संचालन अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शशिकान्त यादव ने किया।

इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. राज कुमार, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. पुनीत सिंह, सलिल कुमार यादव, महामंत्री राधेश्याम सिंह 'मुन्ना', डॉ. इंद्रेश कुमार, आदित्य जायसवाल, डॉ. उदयभान यादव, माई भारत के स्वयंसेवक सुमित सिंह, विपिन यादव, सिद्धार्थ सिंह, स्नेहा मिश्रा, आर्ची वर्मा, उत्कर्ष तिवारी, प्रभात तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

शिल्प को आधुनिक तकनीक व नए बाजार से जोड़ा पीएम ने-सीएम

लखनऊ,संवाददाता। भगवान विश्वकर्मा की पावन जयंती पर शिल्पकारों–कारीगरों सहित समस्त प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो देश शिल्पकारों व कारीगरों को सम्मान देता है, वही आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी भावना को अपनाकर पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का प्लेटफार्म दिया है। उन्होंने शिल्प व कारीगरी को आधुनिक तकनीक और नए बाजार से जोड़कर शिल्पकारों–कारीगरों को समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ाया है। सीएम योगी गुरुवार

आज का परिणाम

पीयू में धूमधाम से किया गया भगवान विश्वकर्मा का पूजन

मैकेनिकल इंजीनियरिंग वर्कशॉप में हवन-आरती में शामिल हुए शिक्षक, कर्मचारी

कौटिल्य का भारत



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की वर्कशॉप में भगवान विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। तकनीकी सृजन, निर्माण और श्रम के आराध्य भगवान विश्वकर्मा के पूजन के अवसर पर वर्कशॉप परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और आरती से भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद यादव एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. संदीप कुमार सिंह ने धूप-दीप के साथ भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद हवन एवं आरती का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. रितेश बरनवाल एवं फोरमैन संतोष उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों के साथ पूजा, हवन और आरती में भाग लिया। विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री श्री राधेश्याम सिंह 'मुन्ना' सहित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक डॉ. दीप प्रकाश सिंह, डॉ. नवीन चौरसिया, डॉ. हेमंत कुमार सिंह, डॉ. हिमांशु तिवारी, डॉ. अंकुश भैरव एवं डॉ. सुबोध कुमार उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त फोरमैन के.के. मिश्र, मैकेनिक ओम प्रकाश यादव, वेल्डर राकेश कुमार, फिटर सहित अन्य कर्मचारी तथा छात्र अभिभावक श्री अच्छे लाल यादव ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। पूजा समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बी.टेक. एवं मैकेनिकल पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने वर्कशॉप की सजावट में सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने तकनीकी शिक्षा से जुड़े अपने कार्यस्थल को भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा और सम्मान के साथ सजाकर आयोजन को विशेष रूप दिया।

कार्यक्रम के दौरान तकनीकी शिक्षा, श्रम, कौशल और सृजन के महत्व को रेखांकित करते हुए भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई।

कौटिल्य भारत



मानवता की मिसालः पूर्वांचल विवि ने गोद लिए 100 क्षय रोगी, 'सेवा संकल्प अभियान' में हुआ 20 यूनिट रक्तदान

अमृत प्रभात, जौनपुर (नि.सं.)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर 'सेवा संकल्प अभियान-2026' के तहत टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर पोषण सामग्री वितरित की गई और राष्ट्रीय सेवा योजना भवन में 20 यूनिट रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बृजेश सिंह ह्यप्रिन्सह्ल ने इस पहल को सामाजिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया, वहीं कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ समाज के प्रति संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व निभाना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। विशिष्ट अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विशाल सिंह यादव ने टीबी से बचाव व उपचार की जानकारी दी। इस दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शशिकान्त यादव, संचालनकर्ता अभिनव कीर्ति पाण्डेय सहित विश्वविद्यालय के कई प्रोफेसर, अधिकारी, कर्मचारी संघ के महामंत्री राधेश्याम सिंह 'मुन्ना' और बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



धूमधाम से मनाया गया भगवान विश्वकर्मा का पूजनोत्सव

अमृत प्रभात, जौनपुर (नि.सं.)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की वर्कशॉप में तकनीकी सृजन, निर्माण और श्रम के आराध्य भगवान विश्वकर्मा का पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन और आरती का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद यादव, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. संदीप कुमार सिंह, संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. रितेश बरनवाल और फोरमैन संतोष उपाध्याय सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में कर्मचारी संघ के महामंत्री राधेश्याम सिंह 'मुन्ना', विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, तकनीकी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में बी.टेक. एवं मैकेनिकल पॉलिटेक्निक के विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने वर्कशॉप की आकर्षक सजावट में भी सक्रिय भूमिका निभाई।

असंख्य दीपों की रोशनी में नहाए घाट,लेजर शो रहा आकर्षण का केंद्र

'सेवा संकल्प अभियान' का भव्य शुभारंभ, माह भर चलेंगे जनसेवा के कार्यक्रम, कैबिनेट मंत्री एके शर्मा, राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने की शुरुआत

जागरण संवाददाता, जौनपुर: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत-2047' के सामूहिक संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार को जनपद में 'सेवा संकल्प अभियान' का भव्य शुभारंभ हुआ। एक माह चलने वाले अभियान के पहले दिन पूरा जिला दीपों की रोशनी, देशभक्ति के गीतों और जनसेवा के कार्यों से सराबोर नजर आया। शाम ढलते ही नगर के ऐतिहासिक गोमती तट पर एक साथ 25 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। इस दौरान आयोजित भव्य लेजर लाइट शो ने पूरे शहर को जगमग कर दिया। कलेक्ट्रेट परिसर, विकास भवन, ऐतिहासिक शाही किला, पुलिस लाइन, इंदिरा गांधी स्टेडियम, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, लेनिया पार्क, रोडवेज बस स्टैंड, मेडिकल कालेज, अंबेडकर पार्क तथा गांधी सिद्धा सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर भी दीप जलाकर सेवा का संदेश दिया गया। राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने हनुमान घाट पर अभियान में स्वयंभागिता की।

जनसेवा से राष्ट्र सेवा के संकल्प को आगे बढ़ा रहा देश: एके शर्मा : नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शहरगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फीता काटकर अभियान की शुरुआत की। कहा कि रक्तदान महादान की सबसे बड़ी सेवा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, शहरगंज विधायक रमेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह आदि रहे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मतिथि पर गोमती नदी के किनारे आशीर्वाद का दीपा कार्यक्रम के तहत दीपों से जगमगाता घाट ● जागरण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मतिथि पर राम नगर विकास खंड कार्यालय परिसर में दीपक जलाती बीडीओ वर्षा वर्मा साथ में पूर्व प्रमुख अजीत सिंह मलाडू● जागरण



पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित एनएसएस भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मतिथि पर अपर रेंगी को पौधिक आहार की पोटली वितरित करते एसएसपी कमेश बिन्द साथ में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह व अन्य ● जागरण



शाहगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मतिथि पर मरीज को फल वितरित करते नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, चिकित्सक रमेश सिंह व अन्य● जागरण



मेडिकल में रक्तदान करती युवती साथ में उपस्थित राज्यमंत्री गिरीश यादव, जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन व अन्य● जागरण



मेडिकाह में आयोजित शिविर में रक्तदान करते भाजपा कार्यकर्ता साथ में उपस्थित महापौरीहार जिलाध्यक्ष डा., अजय सिंह व अन्य पदाधिकारी● जागरण

दैनिक जागरण

पीयू में किया गया भगवान विश्वकर्मा का पूजन

- मैकेनिकल इंजीनियरिंग वर्कशॉप में हवन-आरती में शामिल हुए शिक्षक, कर्मचारी



अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की वर्कशॉप में भगवान विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। तकनीकी सृजन, निर्माण और श्रम के आराध्य भगवान विश्वकर्मा के पूजन के अवसर पर वर्कशॉप परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और आरती से भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद यादव एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. संदीप कुमार सिंह ने धूप-दीप के साथ भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद हवन एवं आरती का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. रितेश बरनवाल एवं फोरमैन संतोष उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों के साथ पूजा, हवन और आरती में भाग लिया। विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री श्री राधेश्याम सिंह 'मुन्ना' सहित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक डॉ. दीप प्रकाश सिंह, डॉ. नवीन चौरसिया, डॉ. हेमंत कुमार सिंह, डॉ. हिमांशु तिवारी, डॉ. अंकुश गौरव एवं डॉ. सुबोध कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त फोरमैन के.के. मिश्र, मैकेनिक ओम प्रकाश यादव, वेल्डर राकेश कुमार, फिटर सहित अन्य कर्मचारी तथा छात्र अभिभावक श्री अच्छे लाल यादव ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। पूजा समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बी.टेक. एवं मैकेनिकल पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने वर्कशॉप की सजावट में सक्रिय भूमिका निभाई।

विद्यार्थियों ने तकनीकी शिक्षा से जुड़े अपने कार्यस्थल को भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा और सम्मान के साथ सजाकर आयोजन को विशेष रूप दिया। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी शिक्षा, श्रम, कौशल और सृजन के महत्व को रेखांकित करते हुए भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। अवधनामा

आज जौनपुर
वाराणसी, १८ सितम्बर, २०२६

दीप जलाकर मना प्रधानमंत्री का जन्मदिन



मड़ियाहू। स्वतंत्र सहयोग परिषद में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन दीप जलाकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्रभा रोटरी अपर अपना मनाया गया। सम्पन्न हो गया है। बने इंजिनियरिंगकी अजय कुमार उपाध्याय तथा सहयोगता दीप रंजन कुमार व सभी गण सहयोगता के साथ सहयोग के समस्त लेखपाल व राजस्व कर्मचारीगण के साथ दीप प्रज्वलित कर एक साथ सौर बत्ती बड़ू खड़े होकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। पूजने पर सहयोगता ने बताया की यह अभियान एक महीने चलेगा पृ. 17 अक्तूबर को इसी तरह रोटरिया अपर अपर बनाकर दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री का जन्म दिन धूमधाम के साथ मनाया जायेगा।

पीयू में धूमधाम से किया भगवान विश्वकर्मा का पूजन

मैकेनिकल इंजीनियरिंग वर्कशाप में हवन-आरती में शामिल हुए शिक्षक, कर्मचारी

जागरूकता। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की वर्कशॉप में भगवान विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। तकनीकी सृजन, निर्माण और श्रम के आराध्य भगवान विश्वकर्मा के पूजन के अवसर पर वर्कशॉप परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और आरती से भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद यादव एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. संदीप कुमार सिंह ने पूर्व-दीप के साथ भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद हवन एवं आरती का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में संयोजकमंडल प्रो. मोहन पाल, प्रो. रवनीत भाखर, प्रो. विभिनेत सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. रितेश कानपाल एवं फोरमैन संतोष उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों के साथ पूजा, हवन और आरती में भाग लिया। [illegible] कर्मचारी संघ के पदाधिकारी डी रामेश्वर सिंह 'मुन्ना' सहित [illegible] इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक डॉ.



दीप प्रकाश सिंह, डॉ. नवीन गौरीशंकर, डॉ. हिमेंद्र कुमार सिंह, डॉ. विवेकानंद तिवारी, डॉ. अंकुश गौरव एवं डॉ. सुबोध कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त फोरमैन के.के. सिंह, मैकेनिक ब्लैक प्रकाश यादव, फेरास राकेश कुमार, फिटर सहित अन्य कर्मचारी तथा छात्र अभिभावक श्री अच्छे लाल यादव ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। पूजा समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बी.टेक. एवं मैकेनिकल पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने वर्कशॉप की सजावट में सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने तकनीकी शिक्षा से जुड़े अपने कार्यस्थल को भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा और सम्मान के साथ सजाकर आयोजन को विशेष रूप दिया। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी शिक्षा, श्रम, कौशल और सृजन के महत्व को रेखांकित करते हुए भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई।